रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 715] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 8, 2018/आश्विन 16, 1940
No. 715] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 8, 2018/ASVINA 16, 1940

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 अक्तूबर, 2018

सा.का.नि सं. 1003(अ).— केन्द्रीय सरकार, सरकारी बचत संवर्धन अधिनियम, 1873 (1873 का 5) की धारा 15 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ: (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सरकारी बचत संवर्धन साधारण नियम, 2018 है।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से लागू होंगे।

2. लागू होना: ये नियम सरकारी बचत संवर्धन अधिनियम, 1873 (1873 का 5) में संलग्न सूची में सूचीबद्ध स्कीमों के लिए लागू होंगे।

3. परिभाषा: (1) इन नियमों में जब तक कि अन्यथा संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो;

(क) **"लेखा कार्यालय"** से सरकारी बचत बैंक कार्यालय अभिप्रेत है जो खाता खोलने के लिए प्राधिकृत है;

(ख) **"अधिनियम"** से सरकारी बचत बैंक अधिनियम, 1873 (1873 का 5) अभिप्रेत है;

(ग) **"अर्हक इति शेष"** से खाते में जमा इति शेष रकम है, इसमें, जमाकर्ता द्वारा लिए गए ऋण के संबंध में यदि कोई बकाया मूलधन और ब्याज के कारण वसूली करने के बाद इस पर प्रोद्भूत ब्याज शामिल है;

(घ) **"प्ररूप"** से इन नियमों में संलग्न प्ररूप अभिप्रेत है;

(ङ) **"संयुक्त खाता"** से एक से अधिक और चार व्यष्टियों के नाम में खोला गया खाता अभिप्रेत है;

(च) **"परिपक्व खाता"** से ऐसा खाता अभिप्रेत है जिसकी अवधि या बढ़ाई गई अवधि पूरी हो गई है और भुगतान के लिए देय है;

(छ) **"अनिवासी भारतीय"** से वह व्यष्टि अभिप्रेत है जो भारत का नागरिक हो या भारतीय मूल का व्यक्ति जो आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) के उपबंधों के अनुसार 'निवासी' नहीं है;

(ज) **"अधिकारिक रूप से विधिमान्य दस्तावेज"** से पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र, राज्य सरकार के अधिकारी द्वारा सम्यक रूप से हस्ताक्षरित महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम द्वारा जारी जॉब कार्ड, नाम और पता का ब्यौरा सहित राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र अभिप्रेत है;

(झ) **"खाते का संचालन"** से खाता खोलना, इसमें जमा करना, इसका स्थानांतरण या खाते से आहरण करना अभिप्रेत है;

(ञ) **"पासबुक"** से लेखा कार्यालय द्वारा जारी वास्तविक या इलेक्ट्रॉनिक रूप में दस्तावेज अभिप्रेत है, इसमें जमाकर्ता का ब्यौरा और उस खाते में किए गए संव्यवहार का ब्यौरा शामिल रहता है;

(ट) **"एकल खाता"** से एक व्यष्टि के नाम में खोला गया खाता अभिप्रेत है;

(ठ) **"स्थानांतरण"** से जमाकर्ता के खाते का एक लेखा कार्यालय से दूसरे लेखा कार्यालय में स्थानांतरण अभिप्रेत है।

(ड) **"अनुसूची"** से इस नियम में संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पक्षों के, जो इसमें प्रयुक्त है, और परिभाषित नहीं है, किंतु अधिनियम में परिभाषित है, वही अर्थ होंगे जो उस अधिनियम में है।

4. खाता खोलने की पात्रता: (1) इन नियमों के अधीन व्यस्क व्यक्ति जो भारत का नागरिक हो, खाता खोलने का पात्र है।

परंतु, यह कि अवयस्क या विकृतचित्त व्यक्ति के नाम पर संरक्षक द्वारा खाता खोला जा सकता है।

परंतु, यह भी कि संरक्षक तथा अवयस्क या विकृतचित्त व्यक्ति भारत का नागरिक होगा।

(2) अवयस्क जो दस वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, बचत योजना के उपबंधों के अनुसार खाता खोल सकता है और संचालन कर सकता है।

(3) यदि एकल खाते में जमाकर्ता या संयुक्त खाते में जमाकर्ताओं में से कोई एक या अवयस्क अथवा विकृतचित्त व्यक्ति का संरक्षक या अवयस्क जमाकर्ता, जैसा भी मामला हो, तत्पश्चात् खाते के प्रचालन के दौरान अनिवासी भारतीय को जाता है, तो खाता इसकी परिपक्वता तक जारी रहेगा और उक्त खाते में जमाकर्ता के लिए उपलब्ध लाभ केवल अप्रत्यावर्तन आधार पर उपलब्ध होगा और खाते को परिपक्वता के पश्चात बढ़ाने या जारी रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यहां तक कि ऐसी अवधि बढ़ाई जानी या इसको जारी रखना अन्यथा अनुमत हो, और इसकी परिपक्वता की तारीख के बाद कोई ब्याज भुगतान योग्य नहीं होगा।

(4) यदि एकल खाते में जमाकर्ता या संयुक्त खाते में जमाकर्ताओं में से कोई एक या अवयस्क अथवा विकृतचित्त व्यक्ति का संरक्षक या अवयस्क जमाकर्ता, जैसा भी मामला हो, भारत का नागरिक नहीं रह जाता है, खाता बंद हो जाएगा या जिस महीने से जमाकर्ता भारत का नागरिक नहीं रह जाता है उसके पहले के महीने की अंतिम तारीख से बंद माना जाएगा।

5. खाता खोलना: (1) जमाकर्ता द्वारा व्यक्तिगत रूप से लेखा कार्यालय जाकर या अनुमेय इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में खाता खोला जा सकता है, इसमें इंटरनेट या समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित सरकारी बचत बैंक के मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन शामिल हैं।

(2) खाता खोलने के लिए पात्र इच्छुक व्यष्टि निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ लेखा कार्यालय में **प्ररूप 1** में आवेदन देकर ऐसा कर सकता है:-

(क) अवयस्क द्वारा या अवयस्क के नाम पर खाता खोलने के मामले में अवयस्क का आयु प्रमाण;

(ख) वर्तमान पासपोर्ट आकार का फोटो;

(ग) यदि विकृतचित्त व्यक्ति के नाम से खाता खोला जाता है तो मनोरोग अस्पताल के अधीक्षक से प्रमाणपत्र जहां विकृतचित्त व्यक्ति को रखा गया है या उपचार किया जा रहा है, जैसा भी मामला हो;

(घ) पे-इन-स्लिप के साथ निक्षेप रकम; और

(ङ) नियम 6 में विनिर्दिष्ट पहचान संबंधी दस्तावेज।

(3) निरक्षर या दृष्टिहीन या दृष्टिदोष वाला कोई व्यष्टि खाता खोलना चाहता है तो लेखा अधिकारी द्वारा अपने हस्ताक्षर या अंगूठे की छाप की प्रमाणिकता के लिए व्यक्तिगत रूप से लेखा कार्यालय जाएगा परंतु उसके साथ ऐसा व्यक्ति होगा जिसे लेखा अधिकारी जानता हो और साक्षर व्यक्ति दृष्टिहीन या दृष्टिदोष वाला जमाकर्ता द्वारा उसके नाम से खाते का संचालन करने के लिए प्राधिकृत हो सकता है।

(4) लेखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खाता खोलने (प्ररूप आदि भरने) तथा संचालन करने के लिए निरक्षर जमाकर्ता की सहायता की जाएगी और निरक्षर जमाकर्ता के अंगूठे की छाप की गवाही प्रत्येक आहरण के अवसर पर लेखा कार्यालय को स्वीकार्य स्वतंत्र गवाह द्वारा दी जाएगी।

(5) दृष्टिहीन या दृष्टिदोष वाला अथवा निरक्षर जमाकर्ता साक्षर जमाकर्ता के साथ संयुक्त खाता खोल सकता है।

(6) स्वलीनता, दिमागी पक्षाघात, मानसिक कमजोरी और बहु नि:शक्तता जैसाकि राष्ट्रीय स्वपरायणता, प्रमस्तिष्क घात, मानसिक मंदता और बहु नि:शक्तताग्रस्त व्यक्ति कल्याण न्याय अधिनियम, 1999 (1999 का 44) की धारा 2 में परिभाषित है, संरक्षक के माध्यम से खाता खोल सकता है और संचालन कर सकता है और इसके संबंध में केंद्रीय या राज्य सरकार के चिकित्सा अधीक्षक या सिविल सर्जन अथवा मुख्य चिकित्सा अधिकारी से प्रमाणपत्र खाता खोलने के समय जमा किया जाएगा।

6. जमाकर्ता की पहचान – (1) नियम 5 के उप-नियम 2 में उल्लिखित दस्तावेजों के अतिरिक्त व्यष्टि को लेखा कार्यालय में निम्नलिखित पहचान संबंधी दस्तावेज जमा करना होगा जिसमें पहचान का प्रमाण और खाता खोलने के प्रयोजन हेतु पता होगा अर्थात:-

(क) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी आधार संख्या:

परंतु, यह कि जहां व्यष्टि को आधार संख्या नहीं दी गई है, वह आधार हेतु नामांकन के आवेदन का प्रमाण प्रस्तुत करेगा, और यदि व्यष्टि नामांकन हेतु आवेदन का प्रमाण जमा नहीं करता है, तो वह वर्तमान फोटो के साथ अपनी पहचान और पता का ब्यौरा वाला आधिकारिक विधिमान्य दस्तावेज की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेगा।

(ख) स्थायी खाता संख्या या आयकर नियम, 1962 में यथापरिभाषित प्ररूप 60:

परंतु, यह कि यदि खाता खोलते समय व्यष्टि स्थायी खाता संख्या जमा नहीं करता है, तो वह खाता खोलने की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर लेखा कार्यालय में इसे जमा करेगा और यदि जमाकर्ता जिसने इस अधिसूचना की तारीख से पहले ही खाता खोल लिया है और पहले लेखा कार्यालय को अपना स्थायी खाता संख्या प्रस्तुत नहीं किया है, वह इस अधिसूचना की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर इसे जमा करेगा और छह महीने की विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर स्थायी खाता संख्या

प्रस्तुत करने में जमाकर्ता की विफलता की दशा में जबतक वह लेखा कार्यालय में स्थायी खाता संख्या प्रस्तुत नहीं करता उस समय तक उसका खाता का प्रचालन बंद रहेगा;

(ग) कोई अन्य दस्तावेज जिसे लेखा कार्यालय द्वारा अनिवार्य समझा जाए जिसमें जमाकर्ता के कारोबार की प्रकृति का स्वरूप और वित्तीय स्थिति से संबंधित दस्तावेज शामिल है।

(2) यदि जमाकर्ता द्वारा प्रस्तुत की गई आधार संख्या या स्थायी खाता संख्या में वर्तमान पता नहीं है, जमाकर्ता अपने वर्तमान पता वाला आधिकारिक रूप से विधिमान्य दस्तावेज की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेगा।

परंतु, यह कि यदि जमाकर्ता द्वारा प्रस्तुत आधिकारिक रूप से विधिमान्य दस्तावेज में अद्यतन पता न हो, तो पता के प्रमाण के सीमित प्रयोजन हेतु निम्नलिखित दस्तावेज आधिकारिक रूप से विधिमान्य दस्तावेज माने जाएंगे, अर्थात:-

(i) उपादेयता बिल जो किसी भी सेवा प्रदाता का दो महीने से अधिक पुराना न हो (बिजली, टेलीफोन, पोस्टपेड मोबाइल फोन, पाइप्ड गैस, पानी बिल); या

(ii) संपत्ति या नगर पालिका कर प्राप्ति; या

(iii) सरकारी विभागों या पब्लिक सेक्टर उपक्रमों द्वारा सेवा निवृत्त कर्मचारियों को जारी किए गए पेंशन या परिवार पेंशन भुगतान आदेश, यदि उसमें पता शामिल है; या

(iv) राज्य सरकार या केंद्रीय सरकार के विभागों, कानूनी अथवा विनियामक निकायों, पब्लिक सेक्टर के उपक्रमों, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा जारी नियोक्ता से आवास आबंटन का पत्र और सरकारी आवास आबंटित करने वाले ऐसे नियोक्ताओं के साथ अवकाश एवं अनुज्ञप्ति करार;

परंतु, यह भी कि उपर्युक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने के तीन महीने की अवधि के भीतर जमाकर्ता आधार संख्या या स्थायी खाता संख्या, या अद्यतनकृत वर्तमान पते वाले आधिकारिक विधिमान्य दस्तावेज की प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेगा।

(3) संयुक्त खाता के मामले में, लेखा कार्यालय द्वारा संयुक्त रूप से खाता खोलने वाले सभी जमाकर्ताओं की पहचान संबंधी दस्तावेज प्राप्त किया जाएगा।

(4) यदि अवयस्क या विकृतचित्त व्यक्ति के नाम से खाता खोला जाता है, तो लेखा कार्यालय में संरक्षक की पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे।

(5) जहां प्राधिकृत एजेंटों के जरिए खाता खोला जाता है, एजेंट अपना हस्ताक्षर संलग्न करेगा और जमाकर्ता के साथ-साथ अपनी पहचान संबंधी दस्तावेजों पर अपनी एजेंसी के ब्यौरा का उल्लेख करेगा।

(6) पता में परिवर्तन के मामले में, जमाकर्ता तीन महीने की अवधि के भीतर उपयुक्त पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करेगा जिसमें उसका अद्यतन पता हो।

7. जमा का स्वरूप:-

(1) खाते में जमा किया जा सकता है;

(i) भारतीय रुपये में नकद; या

(ii) क्रॉस्ड चैक, डिमांड ड्राफ्ट या लेखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी के पक्ष में आहरण हेतु भुगतान आदेश; या

(iii) उसी लेखा कार्यालय में खोला गया बचत खाता के संबंध में हस्ताक्षरित आहरण प्ररूप प्रस्तुत करके; या

(iv) वाणिज्यिक बैंकों में इसी प्रकार के संव्यवहार के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमत इलेक्ट्रॉनिक अंतरण द्वारा।

(2) यदि चैक के माध्यम से जमा किया जाता है, चैक वसूली की तारीख जमा की तारीख होगी।

(3) ऑन लाइन के जरिए की गई जमा को छोड़कर प्रत्येक जमा के साथ सम्यक रूप से भरा हुआ जमा प्ररूप होगा जैसा कि सरकारी बचत बैंक द्वारा निर्धारित किया जाए और जमा प्ररूप का काउंटर फॉइल लेखा कार्यालय द्वारा सम्यक रूप से प्राप्त किया हुआ जमाकर्ता को वापस दिया जाएगा।

(4) जहां जमा आउट स्टेशन चैक या लिखत के माध्यम से किया जाता है, यथाप्रयोज्य संग्रहण प्रभार वास्तविक आधार पर जमाकर्ता द्वारा भुगतान योग्य होगा, जो या तो जमाकर्ता के बचत खाते से डेबिट करके या उचित प्राप्ति के लिए नकद में होगा।

8. खातों के प्रकार:- (1) खाता या तो एकल खाता या संयुक्त खाता के रूप में खोला जा सकता है।

(2) प्रचालन के स्वरूप के आधार पर, संयुक्त खाते दो प्रकार के होंगे, अर्थात:-

(i) **संयुक्त 'क' प्रकार,** इसका प्रचालन सभी जमाकर्ताओं द्वारा या उत्तरजीवित जमाकर्ताओं द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना है; और

(ii) **संयुक्त 'ख' प्रकार,** इसका प्रचालन किसी जमाकर्ता द्वारा या उत्तरजीवित जमाकर्ताओं द्वारा अलग-अलग किया जाना है।

(3) एकल खाता के रूप में खोला गया खाता बाद में संयुक्त खाता में परिवर्तित या इसके विलोम नहीं किया जा सकता है।

(4) बचत योजना के अधीन एकल खाता में जमाकर्ता उसी बचत योजना के अधीन संयुक्त खाता खोलने का इच्छुक है तो वह ऐसा कर सकता है परंतु उस बचत योजना के लिए प्रयोज्य जमारकम या खातों की संख्या की समग्र ऊपरी सीमा के अधीन हो।

(5) बचत योजना के अधीन संयुक्त खाते में जमाकर्ता उसी बचत योजना के अधीन एकल खाता खोलने का इच्छुक है तो वह ऐसा कर सकता है परंतु उस बचत योजना के लिए प्रयोज्य जमा रकम या खातों की संख्या की समग्र अधिकतम सीमा के अधीन हो।

9. ब्याज का भुगतान: (1) खाते में जमा की गई रकम पर संबंधित बचत योजना के संबंध में समय-समय पर सरकार द्वारा अधिसूचित दर के अनुसार ब्याज मिलेगा।

(2) इन नियमों का अतिक्रमण करने पर खोले गए खाते या रखरखाव किए गए, या जमा की गई रकम पर कोई ब्याज भुगतान योग्य नहीं होगा।

(3) ब्याज का परिकलन बचत योजना में उपबंधित तरीके से किया जाएगा।

(4) यदि एकल खाते में जमाकर्ता, या संयुक्त खाते में कोई जमाकर्ता, या संरक्षक या अवयस्क जमाकर्ता अथवा वह जमाकर्ता जो विकृतचित्त हो, अवयस्क या विकृतचित्त व्यक्ति के नाम से खोले गए खाते में, जैसा भी मामला हो, बाद में, खाते के प्रचालन के दौरान अनिवासी हो जाता है, इसकी परिपक्वता तक प्रयोज्य दर पर इस खाते में ब्याज लगेगा और परिपक्वता की तारीख के बाद ऐसे खाते में कोई ब्याज भुगतान योग्य नहीं होगा और जमाकर्ता के लिए उपलब्ध लाभ केवल अप्रत्यावर्तनीय आधार पर उपलब्ध होगा।

(5) यदि कोई जमाकर्ता किसी एकल खाते में, अथवा कोई एक जमाकर्ता किसी संयुक्त खाते में, अथवा कोई संरक्षक या अवयस्क जमाकर्ता अथवा ऐसा जमाकर्ता जो विकृतचित्त है, किसी अवयस्क की ओर से अथवा मानसिक कमजोरी से ग्रस्त व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, की ओर से खोले गए खाते में, भारत का नागरिक नहीं रहता है, तो वह खाता उस महीने जिसमें जमाकर्ता भारत का नागरिक नहीं रहा है, से पूर्ववर्ती महीने के अंतिम दिन को बंद कर दिया जाएगा अथवा बंद किया गया माना जाएगा और ऐसे खातों पर डाकघर बचत खाते पर प्रयोज्य ब्याज दर उनके बंद होने तक देय होंगी।

(6) कोई ऐसा खाता जो परिपक्व हो चुका है लेकिन बंद नहीं किया गया है, ऐसे खाते में पात्र इति शेष रकम पर डाकघर बचत खाते पर प्रयोज्य दर पर ब्याज अर्जित होता रहेगा जब तक कि खाता बंद नहीं कर दिया जाता।

(7) किसी खाते में भूलवश जमा किया गया कोई भी ब्याज लेखा अधिकारी द्वारा पता लगाए जाने पर तत्काल उत्क्रमित कर दिया जाएगा और इसकी सूचना जमाकर्ता को लिखित रूप में दी जाएगी।

10. वयस्क व्यक्ति के नाम में खोले गए खाते का प्रचालन (1) किसी अवयस्क व्यक्ति के नाम में खोले गए खाते को निम्नलिखित द्वारा प्रचालित किया जाएगा;

(i) संरक्षक द्वारा, यदि खाता संरक्षक द्वारा खोला गया है;

(ii) अवयस्क व्यक्ति द्वारा, यदि खाता अवयस्क व्यक्ति द्वारा खोला गया है;

(2) संरक्षक द्वारा अवयस्क व्यक्ति के नाम में खोले गए खाते के मामले में और यदि खाते को प्रचालित करने के दौरान अवयस्क व्यक्ति वयस्क हो जाता है, तो वह खाता जमाकर्ता द्वारा प्रचालित किया जाएगा और जमाकर्ता लेखा कार्यालय को संशोधित आवेदन के साथ खाता खोलने के नियम **5** के उप-नियम 2 के अधीन अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा तथा वयस्क हो चुके जमाकर्ता के हस्ताक्षर को खाता खोलने वाले संरक्षक द्वारा संशोधित आवेदन पत्र पर सत्यापित किए जाएंगे।

(3) अवयस्क अथवा विकृतचित्त की मृत्यु होने की स्थिति में पात्र इति शेष रकम नामिती को अदा कर दी जाएगी;

परंतु 1 अप्रैल, 2018 से पहले खोले गए खातों के मामले में, जहां नामिती की कोई व्यवस्था अनुमत नहीं थी, शेष रकम संरक्षक को अदा कर दी जाएगी।

(4) संरक्षक की मृत्यु होने की स्थिति में, अनुवर्ती संरक्षक अवयस्क व्यक्ति की ओर से अथवा विकृतचित्त व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, की ओर से खाते को प्रचालित करने के लिए पात्र होगा ।

(11) शारीरिक अंग-शैथिलय से ग्रस्त जमाकर्ताओं अथवा दिव्यांग व्यक्तियों (इनमें स्वालीनता, दिमागी पक्षाघात और मानसिक विक्षिप्तता से ग्रस्त व्यक्ति शामिल हैं) द्वारा खाते का प्रचालन –(1) ऐसा जमाकर्ता जो किसी शारीरिक अंग-शैथिल्य से ग्रस्त है अथवा दिव्यांगजन है, जिसकी वजह से वह स्वयं खाते को प्रचालित करने में अक्षम है, खाता खोलने के समय अथवा बाद में किसी साक्षर व्यक्ति के माध्यम से, जिसे वह इस प्रयोजनार्थ प्राधिकृत करता है, अपने खाते को प्रचालित कर सकता है और धन आहरित कर सकता है।

परंतु ऐसा प्राधिकरण, जिसके साथ प्राधिकरण की सीमा भी दी गई हो, जमाकर्ता द्वारा लेखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी को लिखित रूप में प्रस्तुत किया गया हो जिसके साथ प्राधिकृत व्यक्ति के सत्यापित नमूना हस्ताक्षर और उसकी फोटो भी हो।

(2) उपनियम (1) के अधीन दिए गए प्राधिकरण को, जमाकर्ता द्वारा किसी भी समय नया प्राधिकरण प्रस्तुत करके वापस लिया जा सकता है अथवा उसने संशोधन किया जा सकता है:

12. खाते से आहरण- (1) परिपक्वता से हुई आय अथवा आंशिक आहरण या ब्याज के भुगतान के समय, जमाकर्ता प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में, जो उस व्यक्ति की पहचान को सत्यापित करेगा, अपने हस्ताक्षर करेगा अथवा अंगूठे का निशान लगाएगा।

(2) अवयस्क व्यक्ति अथवा विकृतचित्त व्यक्ति की ओर से खोले गए खाते के मामले में, जमाकर्ता की अवयस्कता अथवा विक्षिप्तता, जैसा भी मामला हो, के दौरान किसी आहरण के लिए निम्नलिखित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर संरक्षक को अनुमति दी जा सकती है:

"कि आहरित की जाने वाली रकम श्री/सुश्री जो अवयस्क हैं अथवा विकृतचित्त हैं, के प्रयोग के लिए आवश्यक है और वह आज की तारीख में जीवित है"।

(3) पात्र रकम के आंशिक आहरण का भुगतान अथवा ब्याज का भुगतान नियम 19 के उप-नियम(2) में विनिर्दिष्ट तरीकों में से किसी भी तरीके से किया जा सकता है।

13. खाते का अंतरण: (1) इन नियमों के अधीन खोले गए खाते को भारत में कहीं भी एक लेखा कार्यालय से दूसरे लेखा कार्यालय में अंतरित किया जा सकेगा, चाहे वह उसी सरकारी बचत बैंक अथवा अन्य के अधीन हो, और ऐसा जिस लेखा कार्यालय में खाता है अथवा जिस लेखा कार्यालय में खाता अंतरित किए जाने का आशय है, वहाँ **प्ररूप 5** में आवेदन प्रस्तुत करके जिसके साथ **अनुसूची-II** में विनिर्दिष्ट विहित फीस का भुगतान किया जाए और पासबुक अथवा मूल रूप में बचत पत्र प्रस्तुत करके किया जा सकता है।

(2) खाता अंतरित किए जाने का आवेदन उस लेखा कार्यालय, जहां खाता अंतरित किए जाने का आशय है, में प्रस्तुत किए जाने के मामले में, उक्त लेखा कार्यालय जमाकर्ता के अनुरोध को उस लेखा कार्यालय को अग्रेषित कर देगा, जहां खाता है ताकि इस मामले में अपेक्षित कार्यवाही की जा सके।

(3) एक सरकारी बचत बैंक से दूसरे बचत बैंक को खाते का अंतरण किए जाने के मामले में, वह लेखा कार्यालय जहां खाता है, ऐसे अनुरोध की प्राप्ति पर तत्काल अंतरण करेगा और अंतरिती लेखा कार्यालय को निम्नलिखित मूल दस्तावेज अग्रेषित करेगा अर्थात्:-

i. खाता खोलने का प्ररूप,
ii. जमाकर्ताओं के नमूना हस्ताक्षर,
iii. नामांकन का विवरण,
iv. पहचान संबंधी दस्तावेज,
v. अद्यतन खाता विवरण अथवा बही,
vi. बचत प्रमाणपत्र के मामले में, बचत प्रमाणपत्र की प्रमाणित प्रति,
vii. खाते में जमा शेष रकम के संबंध में भुगतान आदेश अथवा डिमांड ड्राफ्ट।

14. नामांकन: (1) एकल खाते में जमाकर्ता अथवा संयुक्त खाते में जमाकर्ताओं, जैसा भी मामला हो, को एक अथवा अधिक व्यष्टि, किन्तु चार व्यष्टियों से अधिक नहीं, को नामिती के रूप में नामांकित किया जाए, जो एकल खाते में जमाकर्ता अथवा संयुक्त खाते में सभी जमाकर्ताओं के देहान्त होने की स्थिति में पात्र इति शेष रकम प्राप्त करने का हकदार होगा। यह नामांकन **प्ररूप 10** में निम्नलिखित सूचना उपलब्ध कराते हुए खाता खोलने के समय किया जाना चाहिए:

(क) नामिती(यों) का नाम;

(ख) प्रतिशत भाग जिसे प्रत्येक नामिती प्राप्त करने का हकदार होगा;

(ग) क्या नामिती संपूर्ण स्वामित्व और विशेषाधिकार के साथ हिताधिकारी के रूप में, अथवा जमाकर्ता के कानूनी उत्तराधिकारी के लाभ के लिए एक संरक्षक के रूप में रकम प्राप्त करेगा।

(2) जहां नामिती अवयस्क हो, नामिती की अवयस्कता के दौरान जमाकर्ताओं की मृत्यु की स्थिति में पात्र इति शेष का भुगतान पाने के लिए **प्ररूप 10** में आवश्यक ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए जमाकर्ता नामांकन करते समय एक व्यष्टि नियुक्त करेगा।

(3) उप-नियम (1) के अधीन किए गए नामांकन को खाते की परिपक्वता से पहले कभी भी जमाकर्ताओं द्वारा पासबुक के साथ, लेखा कार्यालय को **प्ररूप 10** में आवेदन करते हुए बदला जा सकता है।

(4) अवयस्क अथवा विकृतचित्त व्यक्ति के नाम पर खातों को छोड़कर, 01 अप्रैल, 2018 से पूर्व खोले गए उन खातों के मामले में, जहां कोई नामांकन नहीं किया गया है, जमाकर्ता को नामांकन तुरंत करना चाहिए और किसी भी हाल में, खाते के परिपक्व होने से पहले तो करना ही चाहिए।

(5) एक अवयस्क द्वारा खोले गए अथवा अवयस्क या विकृतचित्त की ओर से खोले गए खाते के मामले में, जैसा भी मामला हो, संरक्षक द्वारा नामांकन किया जाना चाहिए, जो इस संबंध में स्वयं समेत किसी भी व्यष्टि को नामांकित कर सकता है:

परंतु यह कि 01 अप्रैल 2018 से पूर्व खोले गए ऐसे खातों के संबंध में कोई नामांकन अनुमत्य नहीं होगा और जमाकर्ता की मृत्यु की स्थिति में, ग्राह्य रकम का भुगतान संरक्षक को किया जाएगा।

(6) उप-नियम (1) के अधीन किया गया कोई भी नामांकन निम्नलिखित परिस्थितियों में निरस्त हो जाएगा, अर्थात्:

i. सभी नामितियों की मृत्यु;

ii. नियम 16 के अधीन प्रतिभूति के रूप में खाते का अंतरण;

(7) उप-नियम (6) में बताई गई परिस्थितियों के अधीन नया नामांकन किया जाना आवश्यक होगा।

(8) उप-नियम (1) तथा (7) के अधीन नामांकन करते समय अथवा उप-नियम (3) के निंबधनों में नामांकन में परिवर्तन करते समय अशिक्षित जमाकर्ता के अंगूठे के छाप का सत्यापन दो गवाहों द्वारा किया जाएगा। इस प्रयोजनार्थ साक्षर जमाकर्ता के मामले में किसी भी गवाह द्वारा सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी।

15. जमाकर्ता की मृत्यु होने पर भुगतानः

(1) एकल खाते के जमाकर्ता की मृत्यु अथवा संयुक्त खाते में सभी जमाकर्ताओं की मृत्यु होने की स्थिति में, खाते में पात्र इति शेष उप-नियमों (2) से (6) तक यथाविनिर्दिष्ट देय होगी।

(2) यदि नियम 14 के अधीन किया गया नामांकन एकल खाते के जमाकर्ता अथवा संयुक्त खाते के सभी जमाकर्ताओं की मृत्यु के समय प्रवृत्त है, तो नामिती पात्र इति शेष के भुगतान के लिए लेखा कार्यालय में **प्ररूप 11** में आवेदन कर सकता है और इस आवेदन के साथ जमाकर्ता की मृत्यु का प्रमाण संलग्न होना चाहिए और जहां अन्य किसी नामिती की भी मृत्यु हो गई हो तो उस नामिती की मृत्यु का प्रमाण संलग्न होना चाहिए।

(3) यदि दो या उससे अधिक नामिती जीवित हैं, तो पात्र इति शेष जमाकर्ता द्वारा नामांकन करते समय यथाविनिर्दिष्ट अनुपात में अदा की जाएगी, और यदि ऐसा कोई अनुपात अथवा भाग विनिर्दिष्ट नहीं है तो सभी जीवित नामितियों को समान अनुपात में भुगतान किया जाएगा।

(4) यदि किसी नामिती की मृत्यु हो जाती है तो पात्र इति शेष में उसके विनिर्दिष्ट भाग को जीवित नामितियों के बीच उसी अनुपात में बांटा जाएगा जो उनके भाग के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(5) जहां जीवित नामिती अवयस्क है, तो भुगतान प्राप्त करने के लिए नियम 14 के उप-नियम (2) के अधीन जमाकर्ता द्वारा नियुक्त व्यक्ति को वह भुगतान किया जाएगा और यदि ऐसे किसी व्यक्ति को नियुक्त नहीं किया गया है तो यह भुगतान अवयस्क के संरक्षक को किया जाएगा।

(6) यदि जमाकर्ता की मृत्यु हो जाती है और उसकी मृत्यु के समय कोई नामांकन प्रवृत्त नहीं है तथा भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 (1925 का 39) में यथा प्रदत्त उसकी वसीयत का प्रमाण अथवा उसकी संपदा के प्रशासन के पत्र अथवा उत्तराधिकार प्रमाणपत्र लेखा कार्यालय, जहां खाता है वहीं के प्राधिकृत अधिकारी को जमाकर्ता की मृत्यु से छह माह के भीतर प्रस्तुत नहीं किए जाते है, तो-

(i) यदि खाते में पात्र रकम 5 लाख रुपए से अधिक नहीं है, तो लेखा कार्यालय का प्राधिकृत अधिकारी अथवा संस्थान द्वारा विनिर्दिष्ट प्राधिकरण जिससे लेखा कार्यालय संबंधित है, किसी भी ऐसे व्यक्ति को उस रकम का भुगतान निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्ररूप-11 में किए गए आवेदन पर कर सकता है जो उसके समक्ष असली दावेदार के रूप में प्रकट होता है और उसकी संतुष्टि के अनुसार रकम प्राप्त करने अथवा मृतक की संपदा को प्रशासित करने का हकदार हैः

(क) मृत्यु प्रमाणपत्र,

(ख) पास बुक अथवा मूल जमा रसीद/खाते का विवरण,

(ग) प्ररूप-13 में शपथपत्र,

(घ) प्ररूप-14 में दावा त्याग पत्र,

(ङ) प्ररूप-15 में क्षतिपूर्ति बांड।

(ii) परंतु, यदि मृतक के खाते में पात्र रकम 5 लाख रुपए से अधिक है, तो लेखा कार्यालय द्वारा दावेदार को रकम का भुगतान निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ न्यायालय द्वारा जारी 'उत्तराधिकार प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने पर किया जाएगा;

(क) दावा प्ररूप,

(ख) पास बुक अथवा मूल जमा रसीद अथवा खाते का विवरण,

(ग) खाताधारक का मृत्यु प्रमाणपत्र।

16. खाता गिरवी रखनाः (1) जहां बचत स्कीम का उपबंध ऐसी अनुमति देता है, गिरवीदार की ओर से स्वीकृति पत्र के साथ जमाकर्ता द्वारा **प्ररूप 7** में किए गए आवेदन पर, खाता प्रतिभूति के तौर पर गिरवी रखा जा सकता है अथवा अंतरित किया जा सकता है।

(2) इस नियम के अधीन खाते का अंतरण इनको किया जा सकता है-

(क) भारत के राष्ट्रपति अथवा अपनी आधिकारिक क्षमता में राज्य का राज्यपाल,

(ख) भारतीय रिजर्व बैंक अथवा एक अनुसूचित बैंक अथवा सहकारी बैंक सहित सहकारी

संस्था;

(ग) सार्वजनिक अथवा निजी निगम अथवा सरकारी कंपनी;

(घ) स्थानीय प्राधिकरण; या

(ङ) राष्ट्रीय आवासीय बैंक द्वारा अनुमोदित और केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित आवासीय वित्त कंपनी।

परंतु, अवयस्क अथवा विकृतचित्त की ओर से खोले गए खाते के अंतरण को इस नियम के अधीन अंतरित किए जाने की अनुमति नहीं होगी जब तक कि अवयस्क अथवा विकृतचित्त, जैसा भी मामला हो, का संरक्षक लिखित में यह प्रमाणित न कर दे कि अवयस्क अथवा विकृतचित्त जीवित है और यह अंतरण उस अवयस्क अथवा विकृतचित्त के लाभार्थ है।

(3) जब कोई खाता उप-नियम (1) के अधीन प्रतिभूति के तौर पर अंतरित किया जाता है, प्राधिकृत अधिकारी बचत प्रमाणपत्र सहित खाते के अभिलेख में निम्नलिखित पृष्ठांकन करेगा, अर्थात-

".....को प्रतिभूति के रूप में अंतरित"।

(4) इस नियमों में अन्यथा उपबंध किए जाने के सिवाय, इस नियम के अधीन खाते के अंतरिती को, जब तक उप-नियम (5) के अधीन वापस पुनः अंतरित न कर दिया जाए, जमाकर्ता ही माना जाएगा।

(5) इस नियम के अधीन अंतरित खाता अंतरिती के लिखित प्राधिकार पर, प्राधिकृत अधिकारी की लिखित में पिछली स्वीकृति से वापस पुनः अंतरित किया जा सकता है और जब इस तरह का कोई पुनः अंतरण किया जाता है, तो लेखा कार्यालय का प्राधिकृत अधिकारी प्रमाणपत्र सहित, खाते के अभिलेख में निम्नलिखित पृष्ठांकन करेगा, अर्थात-

".....को पुन: अंतरित"

(6) नेत्रहीन अथवा शारीरिक रूप से अक्षम निःशक्तजन जो खाते का संचालन करने में असमर्थ है। अपनी जमा रकम किसी भी साक्षर व्यष्टि, जिसको उसने नियम 11 के अधीन इस प्रयोजन हेतु प्राधिकृत किया है, के माध्यम से गिरवी रख सकता है।

17. सेना, वायुसेना तथा नौसेना कार्मिक द्वारा धारित खाते में पात्र इति शेष का भुगतानः (1) नियम 14 और 15 में किसी बात के होते हुए भी, यदि सेना, वायुसेना अथवा नौसेना में सेवारत जमाकर्ता की मृत्यु हो जाती है या वह सेवा छोड़ता है; सैन्य-दल, विभाग, सेना की टुकड़ी, यूनिट अथवा पोत, जिससे जमाकर्ता संबंधित है, का कमांडिंग अधिकारी अथवा समायोजन समिति, जैसा भी मामला हो, जहां जमाकर्ता का खाता है वहां के लेखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी को कमांडिंग अधिकारी अथवा समायोजन समिति को पात्र इति शेष के भुगतान के लिए अनुरोध भेज सकता है।

(2) उप-नियम (1) के अधीन अनुरोध सेना तथा वायुसेना (निजी संपत्ति का व्यसन) अधिनियम, 1950 (1950 का 40) के मामले में धारा 3 अथवा धारा 4 के अधीन किया जा सकता है यदि जमाकर्ता क्रमशः सेना अथवा वायुसेना से संबंधित है, या नौसेना अधिनियम, 1957 (1957 का 62) की धारा 171 अथवा धारा 1972 के अधीन किया जा सकता है यदि जमाकर्ता नौसेना से संबंधित है।

(3) लेखा कार्यालय का प्राधिकृत अधिकारी इस प्रकार के अनुरोध का पालन करने के लिए बाध्य है, भले ही नामांकन जमाकर्ता की मृत्यु अथवा सेवा त्याग के समय किसी भी व्यक्ति के पक्ष में प्रवृत्त हो।

18. पासबुक का निर्गमः (1) खाता खोलने पर, जमाकर्ता को लेखा कार्यालय द्वारा बचत स्कीम पर यथा लागू पासबुक अथवा जमा रसीद अथवा खाता विवरण जारी करना होगा और उस पासबुक अथवा जमा रसीद अथवा खाता विवरण में निम्नलिखित सूचना होनी चाहिए; अर्थात्

(क) उपभोक्ता पहचान संख्या;
(ख) लेखा कार्यालय का नाम व पता,
(ग) प्रणाली द्वारा जनित अनन्य खाता संख्या,
(घ) स्कीम का नाम,
(ङ) जमाकर्ताओं के नाम और पते,
(च) खाता का प्रकार (एकल अथवा संयुक्त-ए अथवा संयुक्त-बी अथवा अवयस्क अथवा प्राधिकृत)
(छ) जमारकम,
(ज) जमारकम की तारीख, विस्तार की तारीख तथा परिपक्वता की तारीख,
(झ) नामांकन रजिस्ट्रीकरण संख्या और तारीख।

(2) पासबुक अथवा जमा रसीद अथवा खाते के विवरण पर लेखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सम्यक रूप से मुहर लगाई गई और हस्ताक्षर किया होना चाहिए।

(3) यदि पासबुक अथवा जमा रसीद अथवा खाता विवरण जमाकर्ता के पास से गुम अथवा चुरा लिया जाता है, तो लेखा कार्यालय को एक आवेदन और विहित फीस के भुगतान पर अनुकृति पासबुक अथवा जमा रसीद अथवा खाता विवरण जारी किया जा सकता है।

(4) यदि इन नियमों के जारी होने से पहले जारी हो चुका बचत प्रमाणपत्र गुम हो जाता है अथवा चुरा लिया जाता है अथवा विकृत या कट-फट जाता है, तो विहित फीस का भुगतान तथा क्षतिपूर्ति बांड भरकर जमाकर्ता द्वारा आवेदन के साथ विकृत हुए प्रमाणपत्र को अभ्यर्पित करने पर एक अनुकृति पासबुक जारी की जाएगी।

(5) पासबुक अथवा जमा रसीद अथवा खाता विवरण अथवा प्रमाणपत्र, जैसा भी मामला हो, में किसी भी अपुष्ट प्रविष्टियों के परिणामों के लिए लेखा कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

19. खाता बंद करनाः (1) खाते को बंद करने की अनुमति इसके परिपक्व होने पर ही दी जाएगीः

परंतु खाते को परिपक्व होने से पूर्व बंद करने की अनुमति प्रदान की जा सकेगी यदि बचत स्कीम में इसका उपबंध हो और ऐसा करना उसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन हो।

(2) उप-नियम (1) के अधीन पात्र इति शेष का भुगतान जमाकर्ता(ओं) अथवा संरक्षक अथवा नामिती अथवा विधिक उत्तराधिकारी, जैसा भी मामला हो, द्वारा विकल्प चुनने पर निम्नलिखित में से किसी भी तरीके से किया जाएगा, अर्थात:

(क) प्राप्तकर्ता के बैंक बचत खाते में अंतरण,
(ख) क्रास चेक से,
(ग) यदि रकम इस संबंध में आयकर अधिनियम, 1961 के अधीन विहित सीमा से कम है, तो नकद भुगतान से।

(3) खाते को परिपक्वता-पूर्व बंद किया जाना बचत स्कीम के उपबंधों के अनुसार अनुमेय होगा।

20. ऋण तथा आंशिक आहरणः (1) ऋण तथा खाते में से आंशिक आहरण की अनुमति वहीं होगी जहां बचत स्कीमों के उपबंधों के अधीन अनुमेय है और ऐसा करना उसमें विनिर्दिष्ट शर्तों के अध्यधीन है।

(2) यदि खाता अवयस्क अथवा विकृतचित्त की ओर से खोला गया है, तो संरक्षक को ऋण अथवा आंशिक आहरण की अनुमति निम्नलिखित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर दी जाएगी, अर्थात:

"प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमार/कुमारी.....जो अवयस्क/विकृतचित्त व्यक्ति/शारीरिक निःशक्तता की वजह से अपने खाते का परिचालन करने में असमर्थ हैं और आज.....(माह).....(वर्ष)..... के दिन जीवित हैं, के उपयोग तथा कल्याण के लिए रकम आहरित की जानी वांछित है।"

(3) यदि खाता नियम 4 के उप-नियम (1) के अधीन अवयस्क द्वारा खोला गया है, तो ऋण अथवा आंशिक आहरण अवयस्क को अनुमेय होगा।

(4) नेत्रहीनता सहित, शारीरिक अंग-शैथिल्य से ग्रसित जमाकर्ता, जिसके कारण वह अपने खाते का परिचालन करने में असमर्थ है, जमाकर्ता नियम 11 के अधीन उसके द्वारा प्राधिकृत व्यष्टि के माध्यम से ऋण अथवा आंशिक आहरण की सुविधा प्राप्त कर सकता है।

21. अधिक भुगतान की गई रकम की वसूली: कोई रकम जो देय नहीं है परन्तु भूलवश जमाकर्ता, संरक्षक, नामिती अथवा जमाकर्ता द्वारा प्राधिकृत अन्य किसी व्यक्ति को अदा कर दी गई है, सरकार द्वारा ठीक उसी प्रकार वसूलनीय होगी जिस प्रकार उस जमाकर्ता, संरक्षक, नामिती अथवा अन्य किसी प्राधिकृत व्यक्ति, जैसा भी मामला हो, से भू राजस्व की बकाया रकम वसूली जाती है।

22. परिचालन के लिए प्ररूप: खाता खोलने और उसके परिचालन के लिए निर्धारित प्ररूप अनुसूची-I में दिए गए हैं।

23. सेवाओं के लिए फीस: (1) इन नियमों की अनुसूची-II में यथा विनिर्दिष्ट विभिन्न सेवाएं देने के लिए फीस प्रभार लगेगा।

24. लेखा कार्यालय के दायित्व: (1) लेखा कार्यालय निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा-

(क) खाता खोलना, जमा रकम स्वीकार करना, भुगतान करना, इन नियमों के अधीन खाता बन्द और अंतरित करना तथा उसके अभिलेख का अनुरक्षण करना;

(ख) इन नियमों तथा बचत स्कीमों के उपबंधों में यथाप्रदत्त सेवाओं और सुविधाओं को जमाकर्ता को उपलब्ध कराना।

